## पूर्व राज्यपाल ने दिया आश्वासन, बांध निर्माण की समस्या को लेकर पहुंचे ग्रामीण

# भूमि अधिग्रहण में अनियमितता को लेकर किसानों ने पूर्व राज्यपाल उइके को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुन्नारदेव

मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन विभाग द्वारा प्रस्तावित संगम-01 बांध निर्माण परियोजना को लेकर प्रभावित ग्रामीणों ने गंभीर आपत्तियाँ उठाई हैं। इस संबंध में क्षेत्र के दर्जनों किसानों का प्रतिनिधिमंडल पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके से मुलाकात कर उन्हें एक विस्तृत आवेदन सौंपा।आवेदन में उल्लेख किया गया है कि जल संसाधन विभाग द्वारा छिंदवाड़ा जिले में कन्हान नदी पर बांध निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, जबकि प्रभावित ग्रामीणों को अब तक भूमि अधिग्रहण, स्वामित्व प्रमाण पत्र, मुआवजा आदि की स्पष्ट जानकारी तक नहीं दी गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा दबावपूर्वक भूमि पर कब्जा लेने का प्रयास किया जा रहा है और निर्माण कार्य के लिए ज़मीन लीज़ पर लेने की प्रक्रिया बिना विधिवत अधिग्रहण के की जा रही है।ग्रामीणों ने बताया कि आज दिनांक तक किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति, विस्थापन योजना या उचित मुआवजा की घोषणा नहीं की गई है। इसके विपरीत पुलिस



बल के माध्यम से ग्रामीणों पर मानसिक दबाव बनाकर निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। यह स्थिति न केवल विधिसम्मत प्रक्रियाओं के विरुद्ध है, बल्कि आदिवासी स्वामियों के अधिकारों का भी हनन है।पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उइके ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए कहा कि, जब तक विधिवत अधिग्रहण, उचित मुआवजा और विस्थापन की प्रक्रिया पूरी नहीं होती, किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू करना उचित नहीं है।ऱउन्होंने जल संसाधन विभाग छिन्दवाडा की कार्यपालन यंत्री कुमकुम पटेल से मोबाइल फ़ोन द्वारा संबंधित विषय में वार्तालाप की । साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि प्रशासन द्वारा पारदर्शिता बरती जाए, जिससे ग्रामीणों में किसी भी प्रकार का भ्रम या भय की स्थिति उत्पन्न न हो। एवं एवं भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर किसानों के प्रतिनिधिमण्डल तथा संबंधित प्रशासनिक अधिकारी को उनके निज निवास पर बुलाकर समस्या का निराकरण करने के लिए मीटिंग बुलवाने का प्रस्ताव दिया। तथा प्रभावित ग्रामीणों की समस्या से सांसद छिंदवाड़ा को भी टेलीफोन के माध्यम से अवगत कराया । ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत करहैया सरपंच श्रीमती सरुपा उईके, उपसरपंच गुड्डू पंद्राम, सुनील धुर्वे, कमल ईवनाती, सकरू मरकाम ,शिवदीन इवनाती, मनोहर सिरसाम एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधि शामिल थे।

## सामूहिक श्रमदान से जंगल में जानवरों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुन्नारदेव

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं ब्लाक समन्वयक संजय कुमार बामने मार्गदर्शन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति परिवर्तित दृष्टि सामाजिक विकास एवं कल्याण संस्थान अध्यक्ष बुनेश राजबैठे के नेतृत्व में खुमकाल सेक्टर 01 अंतर्गत ग्राम पंचायत मनकूघाटी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति केवलारी रैय्यत के सहयोग से ग्राम मिरदाखेड़ा के खोंजा नाला में वन्यजीव पशु-पक्षियों के लिए जल व्यवस्था कि दृष्टि से जन-भागीदारी से जल स्त्रोत नाला कि साफ-सफाई और मिट्टी बांध बनाया गया। संस्थान अध्यक्ष बुनेश राजबैठे ने ग्रामीणजनों को कहा कि जल प्राकृति कि अनमोल धरोहर है।सचिव सुभाष यदुवंशी ने जल संरक्षण शपथ दिलाया। इस अवसर पर वार्ड पंच सुकरती भोपा, बारेलाल भोपा, वन समिति अध्यक्ष चैतलाल उईके, जेलसिंग लोबो, बालकिशन यदुवंशी, रामपाल यदुवंशी, सुनील यदुवंशी, जयसिंग कायदा, मंगलबती कायदा, जीसी कायदा, चैती शीलू, रमिया लोबो आदि ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# क्या चंद गड्ढे भरवाने में सक्षम नहीं हमारे नेता और अधिकारी?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परासिया

किसी भी शहर , नगर , गांव कस्बे की समस्या के समाधान के लिए हमेशा उस क्षेत्र के नेता आवाज उठाते हैं , वहीं अधिकारी भी स्वतः संज्ञान लेकर या फिर नेताओं के खाने के बाद समस्या का समाधान कर देते हैं लेकिन शहर के मुख्य मार्गों पर मौजूद गड्ढों को भरवाने में दोनों सक्षम नजर नहीं आ रहे हैं या इन्हे सरोकार नहीं है । परासिया शहर में स्थित थाने के समीप से दो मुख्य मार्ग एक जामई की ओर तो दूसरा तामिया की ओर जाता है । इन दोनों ही मार्गों पर सड़क पर मौजूद गड्ढे लोगों के लिए परेशानी बने हुए हैं । गड्ढों के प्रभाव से शहर के नेता जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी अछूते नहीं है । परासिया तहसील कार्यालय और न्यायालय के सामने सड़क पर मौजूद डिवाइडर के बीच का गड्ढा लंबे समय से जस का तस है । इसी गड्ढे से तहसील और न्यायालय में कई लोग आते जाते हैं । प्रशासनिक अधिकारियों को भी अपने वाहन कार्यालय की ओर ले जाते समय इन गड्ढों के प्रभाव झेलना पड़ता है , लेकिन इन्हें ठीक करवाने या भरवाने के लिए कोई भी प्रयास नहीं करता । वहीं परासिया से तामिया रोड पर स्थित रेलवे ब्रिज के नीचे रेलवे के द्वारा कंक्रीट किया गया , लेकिन दोनों और ढलान छोड़ दिया गया । जिससे दोनों ओर पर गड्ढा निर्मित हो गया । इस स्थान से वाहनों के गुजरने के दौरान वाहन चालकों और उसमें सवार लोगों को जोर के झटके महसूस करना पड़ता है । इस मार्ग से भी रोजाना कई नेता जनप्रतिनिधि और अधिकारी गुजरते हैं , उन्हें भी इस झटके को बर्दाश्त करना पड़ता है और दावे के साथ कहा जा सकता है , कि झटका लगने के बाद इन गड्ढों को भरवाने का ख्याल आता ही होगा पर प्रयास क्यों नहीं किया जा रहा समझ से परे है ।

**एस डी एम के कहने के बाद भी नहीं हुआ सुधार :-** बीते दिनों परासिया एस डी एम पुष्पेंद्र निगम के संज्ञान में तहसील के सामने स्थित गड्ढे का मामला लाया गया , उन्होंने तत्काल एम पी आर डी सी के इंजीनियर श्री सोनी से फोन पर बात की और गड्ढा भरवाने को कहा । श्री सोनी ने दो दिन के भीतर इकलेहरा टोल प्रबंधन को इसके लिए निर्देशित कर गड्ढा ठीक कराने की बात कही , लेकिन सप्ताह बीत गया , पर गड्ढा जस का तस है । पुलिस गंभीर , सड़क प्रबंधन बेसुध :- सड़क दुर्घटनाओं के मामले में सड़क के गड्ढों की अहम भूमिका होती है । एक तरफ पुलिस सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और कम करने को लेकर गंभीर नजर आती है । समय - समय पर वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाता है ।

## 8 माह पहले पहली बार आए थे प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह, लोगों ने सोचा था सक्रिय नेतृत्व मिला, लेकिन गलत निकली सोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांढुर्णा

मध्यप्रदेश के उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर जिन्हें पांढुर्ना जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया है वे अपने प्रभार वाले जिले का कितना ध्यान रखते है यह जिले की जनता इसी से समझ ले कि वे तक 8 माह पहले पहली बार यहां पधारे थे। दूसरी बार कब पधारेंगे इससे क्षेत्रीय भाजपा नेताओं का भले कोई लेना देना ना हो लेकिन क्षेत्रीय जनता जरूर इंतजार कर रही है। लोग सोचते है कि प्रभारी मंत्री का जिले के विकास कार्यों में, सार्वजनिक समस्याओं को सुलझाने में और नए काम स्वीकृत कराने में बहुत योगदान होता है। नए जिले का गठन हुए एक बरस से अधिक अरसा हो चुका है लेकिन कलेक्टर कार्यालय के लिए अब तक भूमि आवंटित नहीं हुई है, 200 बेड का जिला अस्पताल स्वीकृत हुए 4-5 माह बीत चुके है लेकिन जमीन



आवंटन शेष है तथा सर्किट हाउस स्वीकृत हुआ लेकिन यह कहां बनेगा किसी को पता नहीं। इसी प्रकार लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जिला पंचायत कार्यालय, आर.टी.ओ. कार्यालय और ढेरो महत्वपूर्ण कार्यालयों के लिए भूमि का चयन अब तक नहीं हुआ है। इस दिशा में जिला प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सक्रियता का प्रदर्शन कर तेजी से कार्य आगे बढाना था लेकिन ऐसा लगता है उनका ध्यान पांढुर्ना जिले पर है ही नहीं। ज्ञात हो कि जब प्रद्युम्न सिंह तोमर को पांढुर्ना जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया तब जिले के भाजपाईयों एवं आमजन को लगा था कि हमें काफी सक्रिय और तेज तर्रार मंत्री मिले है जो पांढुर्ना के विकास को गति दिलाएंगे लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।

## मोहगांव में आबादी भूमि की रजिस्ट्री शुरू कराने कलेक्टर को दिया ज्ञापन



**पांढुर्ना।** आज जिले के मोहगांव हवेली नगरपारिषद के पार्षद नितीन ढोबले ने कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन देकर आबादी भूमि की रजिसट्रियां पूर्ववत शुरू कराने की मांग की है। इन्होंने लिखा है कि एक वर्ष पहले आबादी भूमि की रजिसट्रियां नियमित रूप से होती थी। लेकिन इस पर पाबंदी लगने के कारण अब नागरिक नामांतकरण के लिए नगरपालिका में भटक रहे है। लोगों को जरूरत के समय अपनी जमीन बेचना है तो वह बेच नहीं पा रहे है। जनता काफी त्रस्त हो रही है।

# जन अभियान परिषद ने अंबेडकर जयंती पर किया व्याख्यान माला का आयोजन

## सामाजिक समरसता समानता के लिए कार्य करना चाहिए :- विधायक-राजकुमार कर्राहे



हरिभूमि न्यूज़ लांजी ।

जिला बालाघाट, डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड लांजी द्वारा लांजी में व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मा0 राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी-किरनपुर विधानसभा, सुशील बर्मन जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, आर.आर. सोनवाने प्राचार्य की अध्यक्षता एवं संतोष मोरघडे वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, रमेश आसटकर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, पी डी भलाधरे की विशिष्ट आतिथ्य में तथा श्रीमती रुचिका वैश्य विकासखंड समन्वयक की उपस्थिति में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपस्थित अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया । आयोजित व्याख्यानमाला में

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मा0 राजकुमार कर्राहे ने कहा कि हमें ऐसे महापुरुषों को प्रतिदिन याद करना चाहिए जिन्होंने आजादी के पूर्व एवं आजादी के बाद देश के लिए बलिदान दिया है तथा कुछ महापुरुषों ने देश को बहुत कुछ दिया हैं उसमें से डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी एक थे जिन्होंने सामाजिक समरसता को पुरजोर दिया । उन्होंने अपने सामाजिक जीवन में अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करते हुए अपने समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को साथ में लेकर समाज परिवर्तन का कार्य किया। उन्होंने सभी वर्ग के लोगों को मुख्य धारा में लाने का कार्य किया उसका जीवन संघर्षों से भरा हुआ रहा। उन्होंने अपने जीवन में सामाजिक भेदभाव, विषमता का सामना किया,लेकिन कभी हार नहीं मानी। उन्होंने शिक्षा को अपना हथियार बनाया और अपने जीवन में सर्वोच्च शिक्षा हासिल की और सामाजिक समानता, बंधुत्व एवं समरसतापूर्ण जीवन के लिए आंदोलन चलाया डॉ. साहब ने छुआछूत, ऊँचनीच के भाव व बर्ताव के खिलाफ संघर्ष किया और तत्कालीन शोषित, वंचित समाज के उत्थान के लिए कार्य किया। सामाजिक समरसता समानता के लिए कार्य करना चाहिए । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य आर आर सोनवाने कहा कि हम सभी को उनके बताएं हुए मार्ग पर चलते हुए उनके जीवन की अनेक पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए जो हमें सही यथार्थ ज्ञान देती है, भारतीय संस्कृति हमें अवश्य देखनी और पढ़नी चाहिए.।

इसी क्रम में श्री संतोष मोरघडे ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर संविधान निर्माता थे उन्हें संविधान सभी के लिए लिखा और आज उनके द्वारा लिखा हुआ संविधान को हम सब मान रहे हैं जिससे हमारे देश का सतत विकास हो रहा है । तथा बाबा साहब ने महिलाओं की उत्थान के लिए भी बहुत सारे कार्य किया उन्होंने महिलाओं के विकास और उत्थान के साथ-साथ महिला शिक्षा को भी प्रोत्साहित किया विजय हटीले परामर्शदाता द्वारा प्रस्तुत करते किया तथा सुशील बर्मन ने कहा कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ साथ सभी महापुरुषों की जन्म जयंती के अवसर पर व्याख्यान माला आयोजन करते हुए उनके जीवन वृत के बारे में सभी को जानकारी देने का काम करते आ रहा है। सभी महापुरुषों को संपूर्ण समाज उनके बताए हुए रास्ते पर चल कर इनके आदर्शों को माने, चाहे वह स्वामी विवेकानंद हो चाहे भगत सिंह सुखदेव या राजगुरु डॉ. राधाकृष्णन हो, चाहे बाबा साहब आंबेडकर, सभी की जयंती व व्याख्यान माला कार्यक्रम का आयोजित किया जाता हैं तथा अंत में व्याख्यान माला के मुख्य वक्ता श्री पी डी भालाधरे जी संविधान की धारों का उल्लेख करते हुए भारतीय संविधान की विशेषता बताई एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी डॉ भीमराव अंबेडकर जी के बारे में अपने-अपने विचार सभी के सामने रखें । आयोजित व्याख्यान माला में नवांकुर संस्था मोस्ट मध्यप्रदेश , स्पोर्ट एंड स्काउट गाइड ऑर्गेनाइजेशन, यूनिवर्सल ज्ञानदीप शिक्षण समिति,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सवारी, बडगांव के सदस्य भानु प्रजापति,लवकुश यादव , मुनेश पटले , हेमंत महोबिया, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्य ,परामर्शदाता संदीप कुमार रामटेक्कर, अशोक घरते , विजय हटीले, ज्योति शकरपुडे, नीलेश्वर ठाकरे,सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं मौजूद थे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन अशोक घरते और एवं संदीप रामटेक्कर ने सफलतापूर्वक किया।



## उमंग स्वास्थ्य केंद्र लांजी किशोरों के लिए एक नया रास्ता



हरिभूमि न्यूज़ लांजी ।

भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत उमंग स्वास्थ्य केंद्र का संचालन सिविल अस्पताल लांजी में डॉ परेश उपलप, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बालाघाट तथा डॉ अक्षय उपराडे, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर लांजी के मार्गदर्शन में माह जून 2024 से किया गया है। यह कार्यक्रम 10 वर्ष से 19 वर्ष तक के आयु वर्ग की किशोरावस्था पर आधारित है। किशोरावस्था में किशोर एवं किशोरियों में तीव्र गति से शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं भावनात्मक परिवर्तन के साथ हार्मोन्स में बदलाव आते है, जिसके कारण किशोर एवं किशोरियों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है इन समस्याओं का सामना करने व भविष्य में सही निर्णय लेने के लिए किशोरों को सही मार्गदर्शन, परामर्श एवं सहयोग की आवश्यकता होती है जो कि उमंग स्वास्थ्य केंद्र द्वारा दी जाती है. इसमें स्कूल जाने वाले एवं ड्रापआउट किशोर एवं किशोरियों को भी शामिल किया गया है। यह विवाहित व अविवाहित दोनों तरह के किशोर एवं किशोरियां हो सकते हैं। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत उमंग स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल लांजी में शिवप्रसाद हरिनखेड़े, उमंग परामर्शदाता द्वारा स्थानीय स्कूलों, कॉलेजों, आंगनबाड़ी में प्रत्येक मंगलवार तथा शुक्रवार को आउटरिच गतिविधि की जा रही है । अब तक 2154 किशोर किशोरियों को परामर्श एवं चिकित्सीय सुविधाएं प्रदान की गई है इसके साथ ही 24722 किशोर किशोरियों को और आउटरीच गतिविधि के माध्यम से लाभान्वित किया जा चुका है। उमंग स्वास्थ्य केंद्र, लांजी क्षेत्र के समस्त किशोर एवं किशोरियों को इस स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लेने तथा अपनी समस्याओ को साझा करने की अपील की जाती है, केंद्र में आने वाले किशोर एवं किशोरियों की जानकारी गोपनीय राखी जाती है तथा आवश्यकतानुसार उपचार एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है ।

### भीषण गर्मी के मद्देनजर आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति समय मे परिवर्तन

## अब आंगनवाड़ी केंद्रों का समय 8 से 11 होगा

**हरिभूमि बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल के निर्देशानुसार वर्तमान में भीषण गर्मी (हीट वेव) को देखते हुये जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती दीपमाला मंगोदिया ने आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति में परिवर्तन निर्धारित किया हैं। परिवर्तित समय अनुसार अब आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों की उपस्थिति का समय सुबह 08 बजे से 11 बजे तक का होगा। यह आदेश 30 जून 2025 तक प्रभावशील रहेगा।

## पेयजल समस्या से निदान के लिए तहसीलवार बनाये गए कंट्रोल रूम गठित

**हरिभूमि बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिले की ग्रामीण पेयजल व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन तथा पेयजल शिकायतों की प्राप्ति के बाद शीघ्रता से निराकरण करने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड कार्यपालन यंत्री श्री बीएल उइके द्वारा जिले के सभी विकासखण्ड में कंट्रोल रूम स्थापित कर सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को दायित्व सौंपे गए है। जिले में या संबंधित विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायतों में किसी भी तरह की पेयजल समस्या आने पर वे संबंधित क्षेत्र कंट्रोल रूम में संपर्क कर अपनी समस्या का निराकरण प्राप्त कर सकते है।

# पेयजल, सिंचाई और बिजली के इंतजाम के लिए कोर अधिकारियों की समिति होगी गठित

### कलेक्टर मीना की अध्यक्षता में आयोजित हुई टीएल बैठक

हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।

जिले में पेयजल, सिंचाई और बिजली की सम्भावित समस्याओं के त्वरित निराकरण व निगरानी के लिए कोर अधिकारियों की समिति गठित की जाएगी। सोमवार को कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में पानी और बिजली की समस्या से जुड़े मसलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत चल रहे ई-केवायसी, आधार लिंकिंग और फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्यों की समीक्षा करते हुए एसडीएम व तहसीलदारों से कहा कि इन कार्यो की प्रगति के लिए एसडीएम व तहसीलदारों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। इसके लिए सभी



को निगरानी के तरीके बदलते हुए लगातार समीक्षा करने को कहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में सीएमओ व जनपद सीईओ को शहर के आसपास के तालाबो के सौंदर्यीकरण पर केंद्रित होकर कार्य करने के निर्देश दिए है। बैठक में गेहूँ उपार्जन में अब तक हुई स्लॉट बुकिंग, सीएम हेल्पलाइन, पीएम आवास सर्वे व जिले मे जल प्रदाय को लेकर समीक्षा की गई। पीएम आवास सर्वे के सम्बंध में उन्होंने कटंगी सीएमओ से अपडेट जानकारी प्राप्त कर एसडीएम को रिव्यू करने के निर्देश दिए है।

### त्वरित निराकरण के लिए हर दिन होगी समीक्षा

कलेक्टर श्री मीना ने गर्मी के सीजन में पेयजल, सिंचाई व बिजली की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कोर समिति में शामिल अधिकारियो के साथ हर दिन शाम को जानकारी ली जाएगी। कोर अधिकारियों की समिति में शामिल अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले कार्यो पर फोकस होकर प्राथमिकता से कार्य करेंगे। समिति के द्वारा एक निर्धारित प्रारूप बनाया जाएगा। जिसमें समीक्षा किये जाने वाले बिंदु ही शामिल होंगे। समिति में जिला पंचायत सीईओ के अलावा जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, बिजली, कृषि और जल निगम के अधिकारी शामिल होंगे।

### हेंडपम्प होंगे कलर कोडयुक्त, बताएंगे जल कब तक रहेगा

कलेक्टर श्री मीना ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व ग्राम पंचायतों को नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों के जल स्त्रोतों को कलर कोड दिया जाएगा। खासतौर पर हेंडपम्प को कलर में कोड किया जाएगा। कलर के साथ यह उल्लेख किया जाएगा कि इस हेंडपम्प से मार्च तक पानी रहेगा या अप्रैल माह में जल खत्म हो जाएगा। इसके अलावा कलर कोड के साथ ही उक्त जल स्त्रोत के आसपास रिचार्ज पीठ बनाया जाएगा। इस तरह उपचार करने के बाद ग्रामीणों को भी जानकारी हो सकेगी कि रिचार्ज पीठ बनाने के बाद कितने सुखद परिणाम मिलें है। इसके अलावा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत समस्त एसडीएम, तहसीलदार व सीएमओ जल भराव की समस्या वाले स्थानों का चिन्हांकन कर यदि वहां अतिक्रमण है तो हटाएंगे। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि अभी सही समय है जल भराव से हो रही समस्या वाले स्थानों पर अतिक्रमण की कार्यवाही सुनिश्चित कर ले।

## खबर संक्षेप

### विद्युत कार्यालय की मनमानी से त्रस्त उपभोक्ता

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विद्युत वितरण कार्यालय सिवनी शहर की व्यवस्था ठीक-ठाक नहीं होने के कारण शहरवासियों को बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है। गुरूवार की रात को 11.30 बजे भैरोगंज क्षेत्र की बिजली बंद हो जाने पर जब विद्युत कार्यालय के दूरभाष पर इसकी सूचना देने का काफी प्रयास किया गया लेकिन फोन उठा ही नहीं। इस बात की सूचना जब विभागीय उच्चाधिकारियों को दी गई तो उसके बाद यहां का फोन उठा। तो कर्मचारी द्वारा बताया गया कि अन्य जगहों की बिजली बंद होने के कारण फोन लाइन बिजी थी। शहरवासियों ने विभागीय उच्चाधिकारियों से अपेक्षा जताई है कि विद्युत वितरण कार्यालय सिवनी शहर की व्यवस्थाओं को सुधारने हेतु सार्थक प्रयास करें ताकि गर्मी के दिनों में शहरवासियों को बिजली समस्याओं से छुटकारा मिल सके।

### ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन का राज्य सम्मेलन सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के जिलाध्यक्ष पवन सनोडिया ने प्रेस को बताया कि ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन मध्यप्रदेश का राज्य सम्मेलन कॉमरेड राहुल वासनिक की अध्यक्षता एवं ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉमरेड सुखजिंदर महेसरी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राकेश विश्वकर्मा, ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कॉमरेड संजय नामदेव, भाकपा मप्र राज्य सचिव कॉमरेड अरविंद श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ, जिसमें मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से नौजवानों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन की शुरुआत झंडोत्तोलन के साथ हुई। झंडोत्तोलन जबलपुर के प्रख्यात मजदूर नेता कॉमरेड पी के बोस ने किया तत्पश्चात संगठन के दिवंगत साथियों को मौन श्रद्धांजलि दी गई।

# लखनादौन में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, प्राचीन धरोहरों को मिली मुक्ति

**नगर परिषद लखनादौन ने आखिरकार शहर के हृदयस्थल में बरसों से जमे अवैध अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। इस मुहिम के तहत पुरातात्विक महत्व की बावली और प्राचीन हनुमान मंदिर के आसपास के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई स्थानीय प्रशासन के दृढ़ संकल्प और नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग का परिणाम है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्राचीन हनुमान मंदिर और ऐतिहासिक बावली के आसपास पिछले पच्चीसों वर्षों से अवैध कब्जेदारों ने अपना ठिकाना बना लिया था। इस क्षेत्र में खुलेआम शराब की बिक्री होती थी, जिसके चलते असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता था। नशे की हालत में लोगों का बावली में गिरना और दुर्भाग्यपूर्ण मौतों का होना एक आम बात हो गई थी, जिससे स्थानीय नागरिक भय और आक्रोश में थे।




वर्तमान में नगर परिषद लखनादौन मुख्य कार्यपालन अधिकारी और एसडीएम महोदय के नेतृत्व में इस अवैध अतिक्रमण को हटाने का बीड़ा उठाया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमणकारियों के अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्रवाई से न केवल प्राचीन धरोहरों ने राहत की सांस ली है, बल्कि मंदिर और बावली की पवित्रता भी बहाल हो सकेगी।

अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ नगर परिषद लखनादौन शहर के विकास और सौंदर्यीकरण पर भी ध्यान दे रही है। सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है, जिससे यातायात व्यवस्था सुगम होगी। इसके अतिरिक्त, लोगों की सुविधा के लिए प्रतीक्षालय का निर्माण किया जाएगा और नगर के प्रवेश द्वार पर अवैध निर्माणों को हटाकर क्षेत्र को सुंदर बनाया जाएगा। इस साहसिक कदम की धर्मप्रेमियों, पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षकों और स्वच्छता के प्रति जागरूक नागरिकों ने खुले मन से प्रशंसा की है।

उनका मानना है कि इस कार्रवाई से शहर में शांति और व्यवस्था कायम होगी और हमारी ऐतिहासिक धरोहरें सुरक्षित रहेंगी। नागरिकों ने यह भी उम्मीद जताई है कि नगर परिषद शहर के अन्य हिस्सों में भी फैले अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए इसी तरह की प्रभावी कार्रवाई जारी रखेगी। यह कार्रवाई लखनादौन के नागरिकों के लिए एक बड़ी जीत है और यह संदेश देती है कि अवैध कब्जों और असामाजिक गतिविधियों को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर परिषद का यह प्रयास निश्चित रूप से शहर के भविष्य के लिए एक सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा।

## सिवनी में तापमान पहुंचा 41 डिग्री पर, बाजारों में शीतल पेय की बिक्री बढ़ी, डॉक्टर बोले- दोपहर में धूप से बचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी में रविवार को तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। दो दिन पहले हुई हल्की बारिश से वातावरण में उमस बढ़ गई है। तेज धूप के कारण दोपहर में सड़कों और बाजारों में सन्नाटा छा जाता है। लोगों ने कूलर और एसी का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। इससे बिजली लाइनों पर लोड बढ़ा है। ट्रिपिंग की समस्या सामने आ रही है।



धूप से बचने के लिए सिर और चेहरा ढककर वाहन चलाते चालक।

### धूप में चेहरे को कपड़ों से ढककर निकल रही लोग

बाजारों में शीतल पेय, आइसक्रीम, तरबूज और मैंगो जूस की बिक्री बढ़ी है। टोपी, चश्मे और गमछे की मांग में भी वृद्धि हुई है। जिला अस्पताल में गर्मी से प्रभावित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उल्टी, दस्त, बुखार और डिहाइड्रेशन के मामले सामने आ रहे हैं। फल दुकानों पर लग रही खरीदारों की भीड़।

### डॉक्टरों की एडवाइजरी जारी

डॉक्टर आर. सूर्या ने लोगों को दोपहर 12 से 4 बजे तक धूप से बचने की सलाह दी है। साथ ही पर्याप्त पानी पीने और हल्के सूती कपड़े पहनने को कहा है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विशेषज्ञ राकेश विश्वकर्मा के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ सकता है। मौसम में बदलाव के कारण बूंदाबांदी की भी संभावना है।

## रेलवे ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के घंसौर और कुल्लू माता मंदिर के बीच रेलवे ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई।



मृतक की पहचान अर्जुन उर्फ अज्जू यादव (20) के रूप में हुई है। वह नर्मदा यादव का पुत्र था। अर्जुन एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए घंसौर आया था। रात के समय वह रेलवे ट्रैक के पास घूम रहा था। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया।सुबह कुछ लोगों ने घंसौर और कुल्लू माता मंदिर के बीच युवक का शव देखा। उन्होंने तुरंत घंसौर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हादसा किस तरह हुआ।

## जलती गर्मी में पैदल नर्मदा परिक्रमा जारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारत देश की एकमात्र नर्मदा नदी जिसकी परिक्रमा करने से अखंड पुण्य प्राप्त होता है इसीलिए मां नर्मदा की परिक्रमा देश विदेश के कोने-कोने से श्रद्धालु भक्त यहां पहुंच कर नर्मदा परिक्रमा पथ पर अपने सामर्थ्य अनुसार परिक्रमा करते हैं चिल्लाती तेज गर्मी 42 डिग्री का टेंपरेचर पर नगर कहानी पैदल परिक्रमा करते हुए वही साइकिल पर शिव परिवार सजाकर पहुंचे जिला छिंदवाड़ा ग्राम के निवासी कबीर दास बाबा नागवंशी दूसरी बार अपनी परिक्रमा कर रहे हैं ।साइकिल पर सजा हुआ शिव दरबार पर अनवरत नर्मदा की बूंद बूंद से जल अभिषेक होते रहता है ऐसे भक्त का स्वागत कहानी निवासी संगीतकार अशोक शिवहरे ने किया और उनके साथ संगीत का आनंद उठाया इसके बाद बाबा कहानी से निकलकर ओंकारेश्वर की तरफ रवाना हुए जहां पर उनकी यह कठिन परिक्रमा का समापन होगा ज्ञात है कि नगर कहानी नर्मदा के दक्षिण तट परिक्रमा मार्ग पर पढ़ने वाला नगर है इसलिए यहां पर परिक्रमा के दौरान लगभग सभी भक्तों का आगमन होता है और यहां के निवासियों द्वारा नर्मदा सेवा समिति के माध्यम से उन भक्तों का स्वागत सत्कार रुकने की व्यवस्था खान-पान की व्यवस्था बिल्कुल निशुल्क की जाती है।



# सिंगल यूज डिस्पोजल और पॉलीथिन पर नहीं हो रही कार्रवाई

**सिंगल यूज डिस्पोजल और प्लास्टिक पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। ऐसा कोई घर नहीं होगा, जहां कचरा में इसका हिस्सा नहीं होगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कचरा संग्रहण में हर दिन शहरी कचरे में मौजूद करीब एक टन प्लास्टिक को रोकने सिवनी नगर पालिका और प्रशासन के प्रयास रंग नहीं ला पाए हैं।


कचरे में मौजूद पॉलीथिन का हिस्सा।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जानकारी के मुताबिक प्लास्टिक से बनी कुछ चीजों पर पहले से ही प्रतिबंध लागू है। इनमें 75 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक कैरी बैग, थैलियों के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर रोक शामिल है। इसके अलावा एक जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण, आयात, स्टॉक, वितरण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। उसमें प्लास्टिक से बनी वो स्टिक (डंडी) भी शामिल हैं, जो गुब्बारे, ईयर बड, आइसक्रीम, कैंडी में इस्तेमाल होती हैं। प्लास्टिक के कप, गिलास, चम्मच, कांटे, चाकू, स्ट्रॉ और प्लास्टिक या पीवीसी से बने 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले बैनर पर भी रोक लगाई गई है।

इस प्रतिबंध के बावजूद बाजार में भी सिंगल यूज डिस्पोजल, प्लास्टिक-पॉलीथिन आधारित सामग्री तेजी से बिक रही है। नगर निगम के कर्मचारी ज्यादा दबाव आने पर औपचारिकता वश सीमित कार्रवाई कर देते हैं। ये सिंगल यूज डिस्पोजल व प्लास्टिक सामग्री कहां से आ रही है, इसके स्रोत का पता नहीं लगा पाए हैं। नगर निगम के कचरा प्लांट में हर दिन पांच टन कचरा अकेला पॉलीथिन-प्लास्टिक का है। गांवों में भी इसे जहां-तहां पड़े देखा जा सकता है।

### नेशनल लोक अदालत को सफल बनाये जाने के लिए आयोजित हुई प्री सिटिंग बैठक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सतीश चन्द्र राय के निर्देशानुसार दिनांक 10 मई 2025 आयोजित की जाने वाली म नेशनल लोक अदालत हेतु दिनांक 21.04.2025 को जिला न्यायालय सिवनी के वीडियो कॉफ्रेंसिंग हाल में दोपहर 02 बजे से जिला न्यायालय सिवनी के न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण के साथ ही बीमा कंपनी के अधिवक्तागणों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी लक्ष्मण कुमार वर्मा, द्वारा आगामी 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने हेतु उपस्थित बीमा कंपनी व पक्षकारों के अधिवक्तागण के साथ ही बीमा कंपनी के अधिकारीगणों के साथ चर्चा की गई।

## क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल का सुजीत जैन के निवास पर हुआ आगमन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के बारापत्थर क्षेत्र स्थित पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुजीत जैन के निवास पर अजय जामवाल क्षेत्रीय संगठन महामंत्री भाजपा मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ का आगमन हुआ सुजीत जैन के परिवार जनों द्वारा आत्मीय स्वागत सम्मान किया इस अवसर पर रामकिशोर नानू कवारे पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा बालाघाट , रमेश भटेरे पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष बालाघाट , श्रीमती मीना बिसेन जिला अध्यक्ष भाजपा सिवनी , कमल मर्सकोले विधायक बरघाट विधानसभा , आलोक दुबे पूर्व जिला अध्यक्ष , गजानन पंचेश्वर महामंत्री , संतोष नागपुरे पूर्व महामंत्री , नवनीत सिंह ठाकुर पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा , शुभम राजपूत उपाध्यक्ष युवा मोर्चा , भुनेश कुलहाड़े नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा , ज्ञानचंद सनोडीया नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका परिषद , पंडित गोलू मिश्रा पार्षद अशोक वार्ड , राकेश मालवीय मीडिया प्रभारी भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ , आशीष माना ठाकुर जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा एवं अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



### शारदा पीठाधीश्वर स्वामी सदानन्द महाराज का हुआ नगरागमन

## आशीवचनों से धन्य करते हुये कहा कि हमें अपने मूल भाव का त्याग नहीं करना चाहिये-स्वामी सदानन्द

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अनन्त शविभूषित पूज्यपाद द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी सदानन्द सरस्वती महाराज का आज सिवनी नगरागमन हुआ । स्वामी शंकराचार्य महाराज ने नगरागमन पर नगर में विभिन्न कार्यक्रम में अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिती प्रदान करते हुये सनातन समाज को आशीर्वाद प्रदान किया । नगर के अल्प प्रवास के दौरान महाराजशने बरघाट रोड स्थित नर्मदेश्वर मंदिर पहुँचकर भगवान भोलेनाथ का पूजन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद और आशीर्वाद दिया ।

इसके पश्चात महाराजशने बस स्टैण्ड स्थित भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर में अपनी वरद उपस्थिती देकर लक्ष्मीनारायण भवगवान का पूजन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीवचनों से धन्य करते हुये कहा कि हमें अपने मूल भाव का त्याग नहीं करना चाहिये और अपनी संस्कृति तथा संस्कारों का संरक्षण करना चाहिये ।



उन्होंने अपने प्रवचन में धर्म मार्ग पर चलने का उपदेश देते हुये कहा कि ब्राह्मण को अपनी जाति के अनुरूप आचरण और संस्कारों का परिचय देना बहुत आवश्यक है । अपनी जाति धर्म पर स्वाभिमान सभी को रखना चाहिये अपने मूल भाव को छोड़ने से भटकाव और विकृति आती है । महराजशके दर्शन लाभ के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने धर्मोपदेश प्राप्त किया ।

### एक दिवसीय आईटीआई कैंपस प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन 24 अप्रैल को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छिडीया पलारी चुना भट्टी सिवनी में गुरुवार 24 अप्रैल प्रातः 10:30 बजे से एक दिवसीय आईटीआई कैंपस प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सुजूकी मोटर्स द्वारा छात्र-छात्राओं की भर्ती की जायेगी। भर्ती कंपनियों द्वारा अपनी शर्तों पर की जाएगी। साक्षात्कार के समय कंपनी से समस्त जानकारी स्वयं प्राप्त करें। कैंपस ड्राईव में प्रतिभागिता हेतु आपको कोई मार्ग व्यय नहीं दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 24,550/- रूपये दिया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9997844111, 7990875595, 7017180883 पर संपर्क किया जा सकता है।

## अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के अधिकारी कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ देने अजाकस संघ ने सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के अधिकारी कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ देने अजाकस संघ सिवनी ने मुख्यमंतके नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया. उक्त ज्ञापन मे संघ ने जनरल सिंह बनाम भारत संघ 2018 के मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिए जाने की मांग की है. मंतपरिषद में मुख्यमंतद्वारा दिए गए बयान के संदर्भ में संगठन ने उनसे अनुरोध किया है कि प्रदेश में कार्यरत शासकीय सेवकों को पदोन्नति प्रदान करते हुए समय माननीय न्यायालय के निर्देशों को प्रकाश में रखते हुए उनकी संख्या के अनुपात से प्रतिनिधित्व देने की कृपा करें ताकि शासन के उच्च पदों में अपनी उचित एवं आवश्यक सहभागिता सुनिश्चित करते हुए वर्षों से पिछड़ापन का दंश झेल रहा है यह समुदाय आर्थिक तथा शैक्षणिक रूप से सफल होकर विकास की मुख्य धारा में शामिल हो सके।



उक्ताशय का ज्ञापन सौंपते समय सुधीर राजनेगी (जिला अध्यक्ष अजाक्स) महेंद्र काटेवर (जिला संरक्षक, अजाक्स) मनीष शेंडे (प्रांतीय संयुक्त सचिव) सुरेंद्र बारमाटे(एडवोकेट अजाक्स) सीमा मरावी, संतोष उइके,प्रियंका ठाकुर, संजय सिंह तेकाम,दिलीप ग़ज्जाम ,कुसमिला ईड़पाचे, भुवनेश्वरी डहेरिया, संदीप उइके, जितेंद्र उइके, अनिल मरकाम,गीता कुमरे,मंजूलता गजभिये,बेनीश्याम झरिया, कन्हैया कुमरे,अजीत उरप्रेलिया, अखिलेश डेहरिया, सुरेंद्र उइके, राजेंश डहेरिया,रमेश मर्सकोले आदि संगठन सदस्य उपस्थित रहे।

### विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मध्यप्रदेश डीफ प्रीमियर टी-20 मे चयनित खिलाड़ी को दी बधाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मध्यप्रदेश डीफ प्रीमियर टी-20 क्रिकेट मे चयनित खिलाड़ी को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। आज विधायक शदिनेश राय मुनमुन ने अपने बारापत्थर स्थित कार्यालय मे ग्राम पखारा निवासी शसचिन पटले को मध्यांचल बधिर समिति द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता मे शानदार प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश डीफ प्रीमियर टी-20 लीग क्रिकेट मे चयनित होने पर बधाई दिया तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। इसके पश्चात विधायक शदिनेश राय मुनमुन ने ग्राम गोपालगंज मे परम श्रद्धेय जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का शाल, श्रीफल भेंट किया तथा फूलमालाओं स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### बरघाट ग्राम पंचायत गागंपुर गौ शाला अनूठी पहल

# जन्म दिन पर गाय के गोबर से बनाई दाढी

**बरघाट जनपद के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गागंपुर गौ शाला मे अपना जन्म दिन मनाते हुऐ तथा गाय के गोबर से दाढी बनाकर संजय काढे ने एक अनूठी मिशाल कायम की है तथा गौ शाला मे उपस्थित जनसमुदाय को यह समझाने का प्रयास भी किया है की आज हमारे समाज मे गाय अथवा गौ माता का क्या महत्व है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

गागंपुर गौ शाला मे जन्म दिन मनाने के साथ साथ गौ शाला की बाउंड्री वाल का उद्घाटन भी पवार समाज के जिला अध्यक्ष हरकचंद टेमरे के सानिध्य मे सम्पन्न हुआ तथा इसी गौ शाला मे गौ के गोबर से निर्मित अगरबत्ती धूप के निर्माण तथा गौ मूत्र से फिनाइल निर्माण की तैयारी की जा रही है पर जोर देते हुऐ गौ संरक्षण को बढावा देने के उद्देश्य से अनेको कदम उठाये जा रहे है जो एक प्रशंसनीय कार्य है।



पंवार समाज के जिलाध्यक्ष टेमरे ने गौ शाला मे आयोजित कार्यक्रम मे अपने वक्तव्य प्रकट करते हुऐ कहा की सनातन धर्म मे गायो का आशिर्वाद कभी व्यर्थ नही जाता सनातन धर्म मे कोई भी कार्य गाय के बिना नही होता आपको कोई भी सत्कर्म करना हो तो प्रथम गाय की जरूरत होती है गौ मूत्र से देह की शुद्धि होती है और गोबर से भूमि की शुद्धि होती है आप कोई भी सत्कर्म करो सत्कर्म के आरम्भ मे देह की शुद्धि करनी पडती है गौमूत्र के बिना देह की शुद्धि नही होती जिस घर मे गोबर का लेपन होता है वही भूमि शुद्ध है जहा गोबर का लेपन नही वह भूमि शुद्ध नही मानी जाती गाय के एक एक श्री अंग मे देवो का निवास है जो गाय को प्रसन्न करता है उससे सभी देव प्रसन्न हो जाते है और जिस घर मे गाय की सेवा होती है उस घर मे गोपाल आते है।

अन्त गाय के गोबर से दाढी बनाने के पश्चात अपने जन्म दिन पर संजय काढे ने गौ भंडारा करते हुऐ गौ पूजन की तथा गौ माता के संरक्षण के प्रति जनसमुदाय से अपील की की गौ माता के लिये तथा गौ माता के उत्थान के लिये हमे अपने सनातन धर्म की रक्षा के हर घर मे गौ माता के पालन हो इस पर जोर देते हुऐ समुदाय से आग्रह भी किया तथा गौ माता की जय के साथ गौ शाला मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर विशेष

## पृथ्वी हमारी शक्ति, हमारा ग्रह हमारा जीवनः चतुर्वेदी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सौर मण्डल में वैसे तो नौ ग्रह हैं, सभी अपने आप में विशाल वृहद, चमकीले, वलय लिए, तथा सप्तरंगी आवरण लिए अपनी-अपनी धुरी पर भ्रमण कर रहे हैं। जिसमें पृथ्वी ही केवल ऐसा ग्रह है जिसमें चेतना, वेदना, संवेदना, दुख, सुख संताप, पाप-पुण्य, धर्म-अधर्म, लौकिक-अलौकिक मूल्य अपनी उपस्थिति से सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनो ऊर्जाओं का बोधगम्य स्थल है।

अपने प्रारंभ से पृथ्वी ऋषि मुनियों के सम्मान से अपनी शक्ति, समर्थता और स्पष्टता का बोध कराती है जिसका विवरण ऋषियों के विभिन्न श्लोकों में देखने को मिलता है- ॐ पृथ्वी दैव्यै विद्महे सहस्त्रमूर्तयै धीमहि तन्नो पृथ्वीः प्रचोदयात। ॐ पृथ्वी दैव्यै विद्महे धरामूर्तये धीमहि तन्नो पृथ्वी प्रचोदयात।।

उक्त श्लोक पृथ्वी की सत्ता, प्रभुता एवं सार्थकता को प्रमाणित करने के लिए ना काफी हैं, बल्कि पृथ्वी की गतिशीलता, गुरूत्व एवं गुणता का गुणात्मक बोध कराते हैं। विश्व पृथ्वी दिवस की 55वीं वर्षगांठ पर पृथ्वी दिवस की थीम "हमारी शक्ति हमारा ग्रह" ऊर्जा के नवीनीकरण को नवाचार देने की बात करती है। जो भविष्य में घटते संसाधनों के साथ नये विकल्पों को लेकर आगे बढ़ने "अक्षय ऊर्जा" के स्त्रोतों में विविधता प्रदान करने की तरफ इशारा है। जब तक अक्षय ऊर्जा के स्त्रोत प्रभावी एवं फलदायी नहीं होगें ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों के लिए महत्वपूर्ण संजीवनी कैसे होंगे। अतः अक्षय वाटिका, पृथ्वी का नवीन आवरण होगा।



विश्व में माता-पिता के बाद यदि कोई सबसे ज्यादा सहनशील सबसे ज्यादा सम्माननीय, सबसे ज्यादा वंदनीय, और सबसे ज्यादा पूजयनीय है तो वह सिर्फ! और सिर्फ! पृथ्वी है। जिस पर पूरे आठों प्रहर हम अपने नित्यकर्म से लेकर व्यावहारिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक जीवन का कर्त्रव्यबोध कर अपने आप को गौरवांन्वित महसूस करते हैं। कभी एक शिक्षक के रूप में, कभी एक इंजीनियर, एक डॉक्टर, एक व्यवसायी, एक कृषक, एक प्रशासनिक अधिकारी, एक मजदूर, एक नेता एवं एक प्रणेता के रूप में यहां की गई अपनी व्यापार गाथा को लिखते हैं। इस धरा पर हम अपनी माता के निवास को मातृ-धाम, पिता के निवास को पितृ-धाम आदि का बोध कराते हैं तथा वहाँ विराजमान देवी देवताओं को कुलदेवी/देवता के रूप में पूजते हैं

### अंधकार में डूबा बालाघाट शहर और ग्रामीण क्षेत्र

# लोड बढ़ने से विद्युत सब स्टेशन के ट्रांसफर में लगी भीषण आग





**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

ग्रीष्मकालीन सीजन में जहां सूरज की तपिश आग बरसा रही है वहीं तापमान में भारी वृद्धि हो गई है जिससे लोग हलकान हो रहे हैं इसी बीच विद्युत की खपत में भी अचानक बढ़ोतरी हो गई है जिस वजह से विद्युत अप केदो पर भारी दबाव आ गया है। सोमवार की शाम 7.20 पर 132 के व्ही उपकेंद्र बालाघाट के ट्रांसफार्मरों में आग लग गई इसके बाद बालाघाट शहर और ग्रामीण क्षेत्र पूरी तरह अंधकार में डूब गए। गर्मी की वजह से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी विद्युत आपूर्ति बहाल करने का इंतजार किया जाता रहा लगभग एक घंटे तकविद्युत व्यवस्था बाधित रही। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्युत विभाग के अभियंता दीपक कुमार उइके ने बताया कि ग्रीष्म काल में बिशन गर्मी होने की वजह से बिजली की खपत बढ़ जाती है यही वजह रहेगी सोमवार की शाम को भी अचानक विद्युत सब स्टेशन पर लोड बढ़ गया और ट्रांसफार्मर में आग लग गई इस वजह से विद्युत व्यवस्था खंडित हुई है। उन्होंने बताया कि सुधार कार्य युद्ध स्तर पर तुरंत ही प्रारंभ कर दिया गया था बाहर से टेक्नीशियन की विशेष टीम इस कार्य में जुटी हुई थी जिससे कि कम समय में ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। इसी बीच लगभग 1 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बंद रही और सुधार कार्य किया गया जिसके बाद बिजली लौट आने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

### इनका कहना है

विद्युत सब स्टेशन में लोड बढने पर अचानक आग लग गई इसके बाद टेक्नीशियन की टीम सुधार कार्य में लगी हुई है जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल किए जाने की प्रयास किये जा रहे है।

दीपक कुमार उईके
अधीक्षण अभियंता
मप्र विद्युत वितरण कंपनीए
बालाघाट

### गर्मी से हलकान हुए लोग

तापमान में वृद्धि की वजह से भीषण गर्मी महसूस की जा रही है तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक जा पहुंचा है यही वजह है कि भीषण गर्मी की वजह से दोपहर में सड़के सुनसान नजर आती है लोग गर्मी से बचने के लिए तरह.तरह के जतन करते हैं। घरों में कलर एयर कंडीशनर चलाए जा रहे है जिससे कि गर्मी से कुछ राहत मिल सके इसी बीच विद्युत आपूर्ति का खंडित हो जाना लोगों के के लिए हलकान करने वाला साबित हो रहा है विशेष कर नवजात बच्चे और बुजुर्गों को गर्मी की वजह से भारी परेशानी हो रही है।

# रेलवे टिकिट काउंटर से छुट्टे वापिस ना करने पर आप कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

### कार्यवाही की मांग को लेकर किया प्रदर्शन, रेल इंजन के नीचे पटरी पर लेट गया कार्यकर्ता





**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

स्टेशन पर टिकिट काउंटर से यात्रियों को टिकिट लेने के बाद बचे हुये खुले रूपये ना दिये जाने को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन में जमकर हंगामा मचाया। उनकी मांग थी कि कर्मचारी पर कार्यवाही की जाये और खुले रूपये दिये जाये क्योंकि गरीब वर्ग लोकल ट्रेन में यात्रा करता है उनके लिये 10 से 80 रूपये तक की राशि मायने रखती है। स्टेशन में इसी को लेकर माजरा बढ़ गया जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। आप कार्यकर्ता रेल इंजन के नीचे पटरी पर लेट गया और कार्यवाही किये जाने तथा व्यवस्थाओं में सुधार की मांग रेल प्रबंधन से की जाती रही इसी बीच काफी समय तक ट्रेन खड़ी रही।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार की प्रातः गोंदिया से गढ़ा जबलपुर जाने वाली ट्रेन में यात्रा करने के लिये आप कार्यकर्ता जा रहे थे, तभी उन्हें स्टेशन के काउंटर से यात्रियों की शिकायत मिली कि यहां काउंटर पर कर्मचारी यात्रियों को टिकिट लेने के उपरांत खुले रूपये वापस नहीं कर रहा है जिसपर आप कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया और फिर स्टेशन में खूब हंगामा हुआ। जिसे शांत करने के लिये आरपीएफ एवं रेलकर्मी भी वहां पहुंचे थे। मामला इतना बढ़ा कि कार्यवाही की मांग को लेकर आप कार्यकर्ता रेलवे इंजन के नीचे पटरियों पर लेटने का प्रयास करने लगा, आरपीएफ ने उसे बाहर निकाला और फिर काफी देर तक मची इस गहमागहमी के बाद मामला शांत हो सका लेकिन तब तक रेल ठहरी हुई थी और फिर इसी ट्रेन से सभी यात्रा के लिये रवाना हुये। इस मामले में आरपीएफ एवं स्टेशन प्रबंधन के द्वारा आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता मनोज पमनानी, जिला अध्यक्ष शिव जायसवाल और सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश नायडू सहित अन्य के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने की बात कही है। स्टेशन में हुये इस घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया में भी प्रसारित हुआ है।

# थाना प्रभारी के वाहन ने अर्टिगा को मारी टक्कर

### परीक्षा देने जा रहे परीक्षार्थी हुए घायल, नशे में धुत थे पुलिसकर्मी



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**

मुख्य सड़क मार्ग पर कब्रिस्तान की तरफ जाने वाली सड़क के ठीक पास में रविवार की रात्रि करीब साढ़े 11 बजे सड़क हादसा हुआ है. यहा पर सड़क के नीचे खड़ी एक अर्टिगा कार को कटंगी थाना प्रभारी के सरकारी पुलिस वाहन ने जबरदस्त टक्कर मार दी. जिससे अर्टिगा वाहन सामने से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई. वहीं वाहन में सवार परीक्षार्थियों में जमकर चीख.पुकार मच गई. जिसे सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल पर जमा हो गए. नाम ना बताने की शर्त पर एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हादसे के वक्त पुलिस वाहन में दो पुलिसकर्मी और कथित तौर पर एक धार्मिक संगठन से जुड़ा हुआ व्यक्ति सवार था. यह सभी नशे में धूत थे. सड़क हादसे के बाद एक पुलिसकर्मी और धार्मिक संगठन से जुड़ा व्यक्ति मौके से फरार हो गया जबकि एक पुलिसकर्मी को परीक्षार्थियों ने घेर लिया. गनीमत की बात यह रही कि यहां एक बड़ा हादसा होने से टल गया अन्यथा जनहानि हो सकती थी. भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने पूरी घटना का वीडियो बनाया. इस वीडियो में भीड़ पुलिस को जमकर गाली.गलौज करते हुए सुनाई दे रही है. जिसमें यह भी कहते हुए सुनाई आ रहा है कि रक्षक ही भक्षक बन गई है. सड़क हादसे की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले घटनास्थल पर पहुंचे. उन्हें भी भीड़ ने जमकर खरीखोटी सुना दी. थाना प्रभारी ने जब दोषी पुलिस कर्मचारियों पर उचित कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिया जब कहीं जाकर पूरा मामला शांत हुआ. हालांकि सोमवार की दोपहर 3 बजे तक इस पूरे मामले में थाने में कोई एफआईआर या शिकायत दर्ज नहीं हुई थी. चर्चा है कि दो पुलिस कर्मी एक धार्मिक संगठन के पदाधिकारी के साथ कथित तौर गौ तस्करी करने वाले लोगों को पकडऩे के लिए सिवनी रोड़ की तरफ गए हुए थे और इस बात की जानकारी थाना प्रभारी को भी नहीं थी. थाना प्रभारी तिरोड़ी में थे वहां से लौटने पर सड़क हादसे के बाद उनके सामने पूरा मामला आया. हादसे के बाद परीक्षार्थियों ने बताया कि सरकारी वाहन में बैठे पुलिस कर्मचारी शराब के नशे में थे. बता दें कि परीक्षार्थियों को लेकर अर्टिगा कार जबलपुर की तरफ जाने के लिए तैयार थी जिसमें परीक्षार्थी और कुछ परिजन बैठे जिसमे छोटे बच्चे भी शामिल है. इस वाहन को पुलिस वाहन ने टक्कर मार दीण.

### बड़ा सवाल वाहन में क्या कर रहा था अनाधिकृत व्यक्ति

पुलिस के सरकारी वाहन में पुलिस कर्मचारियों का बैठकर गश्ती करना और घूमना समझ में आता है लेकिन इस वाहन में हादसे के दौरान एक अनाधिकृत व्यक्ति बैठा हुआ था. यह व्यक्ति पुलिस के वाहन में किस हैसियत से बैठा हुआ था. यह एक बड़ा सवाल है. जैसा कि जनचर्चा है कि धार्मिक संगठन का चोला ओढ़कर बैठे कुछ तथाकथित गौरक्षक पुलिस कर्मचारियों के साथ मिलकर गौ तस्करों और पशु पालकों से उगाही करने का काम करते है. यह केवल जन चर्चा है. मगर, इस तरह की घटनाएं इन चर्चाओं को बल देती है और पुष्टि करने के लिए काफी है. पुलिस वाहन में सवार पुलिस कर्मियों की पहचान विशाल कुड़ापे, प्रदीप चित्रिव और धार्मिक संगठन का पदाधिकारी वीजेन्द्र गोलेन्द्र के रुप में हुई है. अब वरिष्ट पुलिस अधिकारियों को इस मामले की जांच करना चाहिए और दोषियों के खिलाफ विधिवत कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए जैसा अन्य आरोपियों के विरुद्ध की जाती है.

# 4 ट्रेनें कैन्सिल, 4 का बदला रूट, 6 ट्रेनें नहीं जाएंगी गोंदिया

### तीसरी लाईन, आरओआर और इंटरलॉकिंग कार्य जारी, बिरसोला तक जाएंगी और वहीं से छूटेंगी ट्रेनें




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

दक्षिण पूर्वी मध्य रेल नागपुर मंडल अंतर्गत गोंदिया स्टेशन में 23 अप्रैल से 6 मई तक तीसरी लाइन के अथवा गोंदिया में निर्मित नए आरओआर रेल ओवर रेल ब्रिज के नॉन इंटरलॉकिंग के कार्य के चलते विभिन गाडिय़ों को कैन्सल, शॉर्ट टर्मिनेट अथवा डाईवर्ट किया गया है। गोंदिया की दिशा में जाने वाली तथा वहां से छूटने वाली ट्रेनें इससे प्रभावित होगी और 4 एक्सप्रेस ट्रेनों के रूट बदले गये है जबकि प्रतिदिन चलने वाली 6 विभिन्न लोकल ट्रेने गोंदिया तक ना ही जाएगी और ना तो वहां से छूटेंगी इसके बजाये बिरसोला पैसेंजर हाल्ट तक ही यात्रा की जा सकेगी।

### यह ट्रेनें शॉर्ट टर्मिनेट

25 अप्रैल से 6 मई तक की अविध के लिये गाड़ी संख्या 68813 गोंदिया-तिरोड़ी लोकल बिरसोला से तिरोड़ी तक चलेगी, उसी प्रकार ट्रेन नं. 68814 तिरोड़ी-गोंदिया लोकल तिरोड़ी से बिरसोला तक, गोंदिया-तिरोड़ी लोकल ट्रेन नं. 68809 बिरसोला से तिरोड़ी तक, तिरोड़ी-गोंदिया लोकल ट्रेन नं. 68810 तिरोड़ी से बिरसोला तक, गोंदिया-कटंगी लोकल ट्रेन नंबर 68811 बिरसोला से कटंगी तक तथा कटंगी गोंदिया लोकल ट्रेन नं. 68812 कटंगी से बिरसोला तक नियत समयावधि में चलेगी।

### इन रेलगाडिय़ों को किया गया रद्द

तीसरी लाइन के अथवा गोंदिया में निर्मित नए आरओआर रेल ओवर रेल ब्रिज के नॉन इंटरलॉकिंग के कार्य के चलते जिन ट्रेनों को रद्द किया गया है उनमें 25 अप्रैल से 6 मई के बीच ट्रेन नं. 78803 गोंदिया-कटंगी लोकल , ट्रेन संख्या 78804 कटंगी-गोंदिया लोकल रद्द रहेगी। वैसेही ट्रेन नंबर 11753 इतवारी-रीवा एक्सप्रेस 24, 27, 29 अप्रैल तथा 1 मई, 4 मई और 6 मई को कैन्सिल रहेगी। जबकि गाड़ी क्रमांक 11754 रीवा-इतवारी एक्सप्रेस 23, 28, 30 अप्रैल तथा 3 एवं 5 मई को रद्द रहेगी।

### इन ट्रेनों का बदला रूट

जिन ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित कर डायवर्ट किया गया है उनमें गाड़ी संख्या 16367 काशी तमिल संगम एक्सप्रेस यह गाड़ी कन्यकुमारी से 24 अप्रैल को ओर 1 मई को परिवर्तित मार्ग बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी, जबलपुर हो कर बनारस जाएगी। वैसेही गाड़ी संख्या 16368 काशी तमिल संगम एक्सप्रेस यह गाड़ी बनारस से 27 अप्रैल को ओर 4 मई को परिवर्तित मार्ग जबलपुर, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह हो कर जाएगी। उसी प्रकार गाड़ी सांख्या 12389/12390 गया चेन्नई गया एक्सप्रेस 4 मई को गया से अपने परिवर्ती मार्ग जबलपुर, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह होकर ओर चेन्नई से 6 मई को अपने परिवर्ती मार्ग बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी, जबलपुर हो कर जाएगी। बता दें कि यह ट्रेनें गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर होकर जाती थी जिनका मार्ग परिवर्तित किया गया है।

### 11 दिनों के लिये ट्रेनसेवा पर रहेगा असर

11 दिनों के लिये लगाये गये रेलवे के इस मेगा ब्लाक की वजह से एक्सप्रेस और लोकल ट्रेनों के यात्रियों को परेशानी हो सकती है खासकर एक्सप्रेस ट्रेनों में जिन्होंने रिजर्वेशन कराया है उन्हें गंतव्य से ट्रेनें नहीं मिल पायेगी जिसके लिये दिक्कतें उठानी पड़ेगी। कटंगी-तिरोड़ी की दिशा से चलने वाली ट्रेनें भी प्रभावित होगी और यात्रियों को यात्रा में मशक्कतें पेश आएगी।

# कुएं में गिरकर डूबने से प्रौढ़ की हुई मौत

**हरिभूमि कटंगी।** तिरोड़ी थाना क्षेत्र की महकेपार पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम महकेपार में एक 62 वर्षीय प्रौढ़ व्यक्ति की कुएं में गिरकर पानी में डूबने से मौत हो गई. घटना रविवार की सुबह करीब साढ़े 06 बजे आस-पास की है. मिली जानकारी अनुसार महकेपार निवासी गेंदलाल पिता लक्ष्मण सोनवाने की घर के पीछे बने कुंए में गिरकर डूबने से मौत हो गई. बताया जा रहा है कि गेंदलाल अपने घर के पीछे बनी कुएं में एक लकड़ी के सहारे टिककर खड़े थे अचानक से लकड़ी टूट गई. जिससे गेंदलाल कुएं में गिर गए. मृतक के भाई ने कुएं में उतरकर उन्हें बाहर निकाला और तत्काल नजदीक के महकेपार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए. जहां चिकित्सक ने फौत होने की पुष्टि कर दी. जिसके बाद महकेपार चौकी पुलिस को घटना की सूचना दी गई. पुलिस ने मौका पंचनामा तौर कर मर्ग कायम करने के बाद शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है वहीं घटना की जांच कर रही है.



# डबल मनी का फरार आरोपी रायपुर से पकड़ाया



### 3 साल से फरार था आरोपी, नाबालिग लड़की के अपहरण से भी जुड़ा है मामला

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह ने चर्चित डबलमनी के प्रकरणो के शीघ्र निराकरण हेतु एसआईटी का गठन कर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर आदर्शकांत शुक्ला एवं एसडीओपी लांजी ओमप्रकाश के मार्गदर्शन मे थाना किरनापुर पुलिस द्वारा 3 वर्ष से फरार आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है ।

थाना किरनापुर में पंजीबद्ध अपराध धारा 420, भादंवि 21(1), 21(2),21(3) अनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम 2019 बीयूडएस एक्ट में आरोपी दुर्गेश तिडके के पिछले तीन वर्ष से फरार चल रहा था इसके अतिरिक्त थाना किरनापुर मे पंजीबद्ध 17 वर्षीय नाबालिक बालिका के अपहरण के प्रकरण मे आरोपी की संलिप्तता थी, जिसे तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर की सूचना पर रायपुर से गिरफ्तार कर लिया गया, आरोपी से विस्तृत पूछताछ उपरांत माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है. पुलिस ने बताया कि 29 जुलाई 2024 को थाना किरनापुर के किन्हीं गांव से नाबालिक लड़की अपने घर से बिना बताए चली गई थी जिस पर थाना किरनापुर में अपराध 24 धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध किया गया था उक्त अपराध की नाबालिक बालिका को भी आरोपी दुर्गेश तड़के के कब्जे से रायपुर से दस्तयाब कर लिया गया है । नाबालिक बालिका की दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 3000 रूपये के इनाम की उद्घोषणा की गई थी। गिरफ्तार आरोपी दुर्गेश तिडके पिता राजेन्द्र तिडके उम्र 25 साल निवासी ग्राम छिंदीकुआ थाना किरनापुर है। उक्त कार्यवाही में किरनापुर थाना प्रभारी अशोक ननामा, उनि अमित अग्रवाल, महिला आरक्षक अर्पणा बघेल, आरक्षक विष्णु, विवेक तिवारी, प्रदीप पुट्टे, जय भगत की भूमिका रही।

# खजरी में पानी के लिए परेशान हो रहे ग्रामीण

## हैड़पंप खराब, अधूरी पड़ी नल-जल योजना

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**

बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी में भालवा नाले के पास बसी ग्राम पंचायत खजरी में ग्रामीणों को पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ रहा है. यहां पर हैंड़पंप खराब है. शिकायत के बाद भी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे है. यह आरोप ग्राम पंचायत के सरपंच सुरेंद्र राहंगडाले ने लगाया है. उन्होंने बताया कि भारत सरकार की योजना के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए चलाई जा रही योजना भी महज आभासी साबित हो रही हैं, क्योंकि करीब 03 माह से योजना पर कार्य बंद पड़ा है. हैंडपंप से पानी नहीं निकलने से लोगों को शुद्ध पानी के लिए भटकना पड़ रहा है. भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर विभाग के अफसरों और ठेकेदार की भारी लापरवाही सामने आ रही है. गांव में ठेकेदार ने हर घर के सामने नल कनेक्शन वाले पाइप लगा दिए है. मगर, इसमें पानी नहीं आ रहा है. सरपंच के मुताबिक ठेकेदार ने पंचायत के कोल्या टोला और आदिवासी टोला में पाइप लाइन का विस्तार तक नहीं किया है. वहां भी ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है. मौजूदा वक्त में ग्रामीण दूर-दराज खेतों से पानी लेकर आ रहे है.

### वार्ड क्रमांक 09 और 11 में हैंड़पंप खराब-

खजरी गांव की बस्ती में स्थित एक हैंड़पंप जिससे पूरे गांव के ग्रामीण पानी ले जाते थे उसका भूजल स्तर काफी नीचे चले गया है. सरपंच के अनुसार पीएचई के अधिकारी और कर्मचारी को जानकारी दी गई लेकिन वह कोई ध्यान नहीं दे रहे है. इसी प्रकार सड़क के किनारे वार्ड पंच के घर के ठीक सामने स्थित हैंडपंप की भी मरम्मत नहीं हुई. यह हैंड़पंप बीच से टूट चुका है. हैड़पंप से पानी निकल रहा है लेकिन पानी निकालने में काफी परेशानी होती है 20 परिवारों और राहगीरों को पीने के पानी के लिए परेशान होते हुए देखा जा सकता है. दिलचस्प बात यह है कि कागजों में तो खजरी गांव में शत प्रतिशत हैंड़पंप ठीक है



### 3 माह से नल-जल योजना पर कार्य बंद-

यहां नल जल योजना के तहत ग्रामीणों को हर-घर नल से पानी पहुंचाने का प्रोजेक्ट एक साल पहले चालू हुआ था. लेकिन, अभी तक ठेकेदार की लापरवाही और अधिकारियों की उदासीनता के चलते योजना मूर्त रूप नहीं ले पाई है. गांव में रहने वाले लोगों को अपनी प्यास बुझाने के लिए जूझना पड़ रहा है. गांव में जो हैंडपंप है, उनके सहारे पूरे गांव के लोगों का गुजारा होता है. जब हैंडपंप बिगड़ जाता है, तो उन्हें दूरदराज खेतों से पानी लाना पड़ता है. मौजूदा वक्त में कुछ ऐसी ही स्थिति बनी हुई है. वैसे तो किसी भी सरकारी कार्य को तय समयसीमा में पूरा किया जाना होता है लेकिन क्षेत्र में अधिकांश जल जीवन मिशन की हर घर नल जल योजना अधूरी पड़ी है और ठेकेदार पर अधिकारी मेहरबानी बनाएं हुए है

